पूजा करो हनूमान की बोलो राम राम जी

पूजा करो हनूमान की, बोलो राम राम जी

पीला पीताम्बर मेरे राम और लक्ष्मण
लाल लंगोट हनुमान जी, राम राम

केसर तिलक मेरे राम और लक्ष्मण
लाल सिन्दूर हनुमान जी, राम राम

खट्टे मीठे मेरे राम और लक्ष्मण
चूरमे का लड्डू हनुमान जी, राम राम

रावण को मारा मेरे राम और लक्ष्मण
लंका जलाई हनुमान जी, राम राम

सोने के सिंहासन पे मेरे राम और लक्ष्मण
चरणों मैं हनुमान जी, राम राम

दसरथ पुत्र मेरे राम और लक्ष्मण
पवन पुत्र हनुमान जी, राम राम

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/647/title/puja-kro-hanumman-ki-bolo-raam-raam-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |